राजस्व अधिकारी जनसामान्य के हित... पृष्ठ 2 | सड़क दुर्घटना के चिन्हांकित... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 14 जून 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 242, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# विष्णु देव साय सरकार के छह माह

## सुशासन के ट्रैक पर विकास ने फिर पकड़ी रफ्तार, किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए हुए हैं ऐतिहासिक फैसले

**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन के ट्रैक पर छत्तीसगढ़ ने फिर से विकास की रफ्तार पकड़ ली है. बीते छह माह पर नजर डाले तो साय सरकार ने किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए बहुत कम समय में ऐतिहासिक फैसले लिए हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए वर्ष 2047 तक विकसित-छत्तीसगढ़ का निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए विजन डाक्यूमेंट तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया गया है.

विधानसभा चुनाव के दौरान छत्तीसगढ़ के लोगों को गारंटी दी थी कि छत्तीसगढ़ में लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि के लिए सुशासन की स्थापना की जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने एक अलग सुशासन और अभिसरण विभाग का गठन किया है। यह विभाग कल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग और जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए काम कर रहा है। सभी विभागों को सुशासन के लिए अधिक से अधिक आईटी का इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की निगरानी और समीक्षा के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन 25 दिसंबर 2023, सुशासन दिवस पर अटल मॉनिटरिंग पोर्टल का शुभारंभ किया गया है।साय सरकार ने आवासहीन और जरूरतमंद 18 लाख परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति, 13 लाख से अधिक किसानों को धान की बोनस राशि, 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी, महतारी वंदन योजना में 70 लाख से अधिक गरीब परिवारों की महिलाओं को हर माह एक-एक हजार रूपए देने जैसे अनेक निर्णयों पर क्रियान्वयन किया है। राज्य के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवाद उन्मूलन के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नियद नेल्लानार योजना शुरू की गई है। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, रामलला दर्शन योजना, उद्यम क्रांति योजना जैसी कई अभिनव योजनाओं की शुरूआत हुई है। लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) की सम्मान निधि फिर से शुरू कर दी गई है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 13 जून से सभी विभागों में प्रशासनिक कसावट लाने के लिए समीक्षा बैठक लेने का सिलसिला शुरू कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जन कल्याणकारी कार्यक्रम का क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता रखें। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा है कि आम नागरिकों की दिक्कतें दूर करने के लिए संवेदनशील होकर कार्य करें। लोकसभा निर्वाचन के बाद अब शासन की योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार लगातार तेजी से काम कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना जैसी अनेक योजनाओं के क्रियान्वयन पर तैयारी शुरू कर दी गई है। राजस्व प्रशासन को भी मजबूत किया जा रहा है। भूमि संबंधी विवादों और दिक्कतों को दूर करने के लिए भू-नक्शों की जियो रिफरेसिंग पर भी रणनीति तैयार कर ली गई है।

**18 लाख आवास स्वीकृत**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक आयोजित कर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी के अनुरूप 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने स्वीकृति दे दी। इसके लिए 12 हजार 168 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

**13 लाख किसानों को धान का बोनस**

मोदी जी ने प्रदेश के किसानों को गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर राज्य के किसानों को 2 साल का बकाया धान बोनस देंगे। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस, सुशासन दिवस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपए का बकाया धान बोनस अंतरित कर इस गारंटी को भी पूरा किया है।

**3100 रुपए में धान की खरीदी**

साय सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदने की गारंटी को पूरा करते हुए 32 हजार करोड़ रुपए के समर्थन मूल्य की राशि का तत्काल भुगतान किसानों को किया और फिर 12 जनवरी को 24 लाख 75 हजार किसानों को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की है। इस साल खरीफ सीजन में राज्य में 145 लाख मीटिरक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी हुई है।

**70 लाख महिलाओं का वंदन**

महतारी वंदन योजना के अंतर्गत महिलाओं के बैंक खातों में राशि अंतरण का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की वर्चुअल उपस्थिति में 10 मार्च 2024 को हुआ। इस योजना के अंतर्गत राज्य की पात्र महिलाओं को प्रति माह एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। अब तक इस योजना की चार माह की राशि जारी की जा चुकी है। पिछली सरकार ने महिला स्व सहायता समूहों से रेडी टू ईट का काम छीन लिया था। छत्तीसगढ़ सरकार ने अब फिर से उन्हें यह काम सौंप दिया है।

**श्री रामलला दर्शन योजना**

छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं को अयोध्या में विराजमान श्री रामलला के दर्शन हेतु नि:शुल्क आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य में श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना संचालित की जा रही है। शासकीय व्यय में अब तक हजारों दर्शनार्थी श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या भेजे जा चुके हैं।

## मोदी ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की

**नयी दिल्ली।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुई आतंकवादी घटनाओं को लेकर बढ़ी चिंता के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वहां की सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा के लिये वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक की। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और दूसरे कई शीर्ष अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को केंद्र शासित प्रदेश में किये गये आतंकवाद निरोधक उपायों से अवगत कराया। सूत्रों ने कहा कि श्री मोदी ने अधिकारियों को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा की स्थिति को पूरी तरह संभालने के लिये देश में आतंकवाद से निपटने के लिये स्थापित पूरी क्षमता का प्रयोग करने के निर्देश दिये।



श्री मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की और केंद्रीय बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों का विस्तार किये जाने पर चर्चा की। पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में सिल-सिलेवार आतंकवादी हमले हुये हैं। इस क्षेत्र में चार दिन में रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगह हमले किये। रियासी में एक यात्री बस पर हमले में नौ तीर्थयात्रियों की मौत हो गयी। इन आतंकवादी हमलों में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान शहीद हो गया, तथा सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य व्यक्ति घायल हो गये। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बातचीत की और वहां का जायजा लिया। ॠ

## छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र की तारीख हुई तय, 22 जुलाई से होगी शुरुआत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की तारीख सामने आ गई है.



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मानसून सत्र के लिए तारीख तय की है. इसकी शुरुआत 22 जुलाई से होगी, और 31 जुलाई को सत्र का समापन होगा.

## नीट में नहीं हुआ कोई भ्रष्टाचार : शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार से इनकार किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो घटना हमारे सामने आई है, निश्चित तौर पर उसमें दोषियों को दंड दिया जाएगा।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि नीट में 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। अभी सुप्रीम कोर्ट के समक्ष जो मसला चल रहा है, सरकार ने उसमें अपना पक्ष रखा है। लेकिन, यह मामला सिर्फ 1,550 छात्रों का है। उन्होंने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी देश में कई सफल परीक्षाएं आयोजित करवाती है। धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने नीट से जुड़े मसले पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ ग्रेटर प्रश्न उठाए गए हैं। सरकार उन प्रश्नों का संतुष्टि के साथ उत्तर देने के लिए प्रामाणिकता के साथ खड़ी है। कुछ खास घटनाएं जो सामने आई है, सरकार ने उसे गंभीरता से लिया है। इस मामले में शिक्षाविदों की एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी ने कुछ सिफारिश भी दी है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक इन सिफारिश के आधार पर कोर्ट के समक्ष भी तथ्यों को रखा जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के कामकाज पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से ही एनटीए का गठन हुआ है। एनटीए आज तीन बड़े एग्जाम सफलतापूर्वक करवाती है। इनमें नीट, जेईई और सीयूईटी शामिल हैं। इतने बड़े देश में जब 13 भाषाओं में परीक्षा होगी, विश्व के कई देशों में परीक्षा केंद्र होंगे। कई प्रकार के स्टूडेंट उसमें हिस्सा लेते हैं, जो घटना हमारे सामने आई है, निश्चित तौर पर दोषियों को उसमें दंड दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं अभिभावकों और छात्रों को आश्वस्त करना चाहूंगा कि भारत सरकार और उसका इंस्ट्रूमेंट, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी बिल्कुल कमिटेड है। विपक्ष ने नीट में घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा है कि मामला संसद में उठाया जाएगा। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि नीट का पेपर लीक हुआ है। मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए। यदि सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में पूरे मामले की जांच हो।

## अन्तर्राज्यीय चोरों को पकड़ने में मिली डोंगरगढ़ पुलिस को सफलता

**डोंगरगढ़।** नाम प्रार्थी राधेश्याम सुर्यवंशी पिता स्व0 श्री पुनाराम सुर्यवंशी उम्र- 43 साल निवासी कलकसा थाना डोंगरगढ़ ने दिनांक- 18.04.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक- 17.04.2024 को दिन में कोई अज्ञात चोर द्वारा घर का ताला का कुंडा तोड़कर घर के अन्दर घुसकर सोना चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम सहित कुल- 70000/-रू0 को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्र0- 212/2024 धारा- 454, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इसी प्रकार प्रार्थिया संगीता करसे पति अजय करसे उम्र- 47 साल निवासी इंदिरा नगर डोंगरगढ़ ने दिनांक- 28.05.2024 को रिपार्ट दर्ज कराया था कि दिनांक- 27.05.2024 के रात्रि करीबन 01:00 बजे के आसपास कोई अज्ञात चोर घर के दरवाजा का ताला तोड़कर घर के आलमारी में रखे नगदी रकम एवं सोने चांदी के जेवरात जुमला- 29000/-रू0 को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्र0- 297/2024 धारा- 457, 380 भादवि0 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। अज्ञात आरोपी के पता तलाश एवं विवेचना हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम से विवेचना हेतु दिशा-निर्देश प्राप्त कर निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये अज्ञात आरोपियों का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना दौरान तकनिकी एवं अन्य साक्ष्य के आधार पर व सायबर सेल राजनांदगांव की मदद से संदेही गोपाल देवांगन उर्फ चोरू उर्फ डिस्कवर एवं विक्की सोलंकी को हिरासत में लेकर हिकमत अमली से पुछताछ करने खुलासा हुआ कि गोपाल देवांगन उसकी पत्नि लिली देवांगन एवं विक्की सोलंकी तीनो मिलकर योजना बनाकर रेलवे स्टेशन व अन्य जगहों में रूककर रेकी करके चोरी की घटना को अंजाम देते थे। दिनांक- 17.04.2024 को ग्राम कलकसा में जाकर एक सुने मकान में चोरी करना बताये एवं दिनांक- 27.05.2024 को रात्रि में इंदिरा नगर डोंगरगढ़ में चोरी करना बताये। आरोपीगण से चोरी के सामान एक सोने का टाप्स एवं मंगल सुत्र, चांदी का करधन एवं पायल व एक मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपीगण द्वारा ओ0पी0 मोहारा क्षेत्र, तुमड़ीबोड़ क्षेत्र, सुकूलदैहान क्षेत्र, थाना ठेलकाडीह क्षेत्र एवं गोंदिया महाराष्ट्र के आमगांव तिरोड़ा क्षेत्र के सुने घरों में चोरी करना स्वीकार किये हैं। चोरी में मिले सामान एवं ग्राम कलकसा में मिले सोना चांदी के जेवरात को अपने परिजन को बेचने हेतु देना बताये है। चोरी के जेवरात रखे आरोपगण के परिजन का डोंगरगढ़ पुलिस एवं सायबर सेल द्वारा पता तलाश किया जा रहा है मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।



## शिवपुराण कथा के समापन के अवसर पर दो शरीर एक प्राण हुए

**राजनांदगांव।** विगत एक सप्ताह से राइस मिल स्थित शिव मंदिर में शिवपुराण कथा का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर मंगल बेनीराम नारबोदे ग्राम -बम्हनगांव (किरनापुर) एवं उलासा बाई बावन उके (जयराम बावन उके) नांदियाटोला (महाराष्ट्र) के साथ विधि-विधान के सांसारिक जीवन में एक हुए (विवाह संस्कार) हुआ।इस अवसर पर दुर्गा महिला जस एवं भजन, मंडली की महिलाएं उपस्थित रही एवं इनके द्वारा भजन गाये गए । इन सात दिनों में सबसे मजे की बात ये रही कि अधिकांश भक्तों की मनोकामनाएं इन सात दिनों के अंदर ही पूरी हो गई। भंडारा में गोलू लिल्हारे,विनय,सोम, सुनील यादव,महारू यादव का सहयोग प्रशंसनीय रहा।सार गर्भित शिवपुराण का वाचन पंडित नरेन्द्र कुमार शुक्ल को अधिकांश शिव भक्तों के द्वारा सराहा गया। आयोजक शिव भक्त ने आयोजन को सफल बनाने के धन्यवाद दिया।



## जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की कार्यकारिणी की बैठक: 20 जून से 28 जून 2024 तक खेले जायेगी, राज्यस्तरीय हॉकी

### अगामी माह 21 जूलाई से दुसरी वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का मेजबानी करेगी छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 13 जून 2024 दिन गुरूवार को सुबह 11 बजे ठाकुर प्यारे लाल उ.मा.शाला बैठक जी ई रोड में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव श्री शिवनारायाण धकेता की उपस्थिति में संम्पन्न हुई। सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष ने पिछले कार्यकाल में किये हॉकी के विकास के कार्य की जानकारी देते हुए इस वर्ष भी संघ को जो दायित्व मिले है उसकी जानकारी दी। जिसके तहत स्थानिय खिलाडियों की लीग हॉकी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिये चर्चा की गई जिसमें स्पर्धा आयोजित कर जिले की टीम बनाने के लिए सुश्री ऑशा थॉमस और श्री अनुराज श्रीवास्त को जूनियर वर्ग एवं श्री किशोर धीवर व श्री शकिल अहमद को सबजूनियर वर्ग के लिए चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही 5वीं छत्तीसगढ राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता दिनांक 20 से 28 जून 2024 तक सब जूनियर व जूनियर बालक/बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें जूनियर वर्ग में आयोजन सचिव अनुराज श्रीवास्तव व सबजूनियर वर्ग का आयोजन सचिव प्रिंस भाटिया को को बनाया गया। टूर्नामेंट का संयोजक नीलम जैन, तथा महेंद्र ठाकुर होंगे।जिला हॉकी संघ के सचिव ने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व की भॉति इस वर्ष भी हॉकी इंडिया ने 2री जूनियर बालक/बालिका वेस्ट जोन राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी है जिसके सुचारू रूप से संचालन एवं अन्य विषयो को ध्यान में रखते हुए किए जाने का निर्णाय लिया गया है । वेस्ट जोन के लिए संचालन समिति के संयोजक श्री भुषण सॉव वरिष्ठ हॉकी खिलाडी को नियुक्त किया गया हैं। आयोजन सचिव फिरोज अंसारी होंगे,जिला हॉकी संघ के बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा निर्णाय लिया गया है कि वर्तमान में चल रहे जिला हॉकी संघ के तत्वधान में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा अन्य पुरस्कार प्रदान किया जाए ,उसी के साथ ही अगस्त माह में सीनियर मार्निंग हॉकी प्रतियोगिता 2024 का तथा सितम्बर- अक्टूबर में जिला हॉकी लीग आयोजन किये जाने संबंध में चर्चा की गई। उक्त बैठक में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी, सचिव श्री शिवनारायाण धकेता, श्री नीलमचंद जैन,श्री भुषण सॉव, सुश्री ऑशा थामस, श्री गणेश प्रसाद शर्मा, श्री कुमार स्वामी, श्री भागवत यादव, श्री अब्दुल कादिर, श्री महेन्द्र ठाकुर, श्री प्रिंस भाटिया, श्री अनुराज श्रीवास्तव, श्री तुलसी सिन्हा, श्री शकिल अहमद, श्री राजेश निर्मलकर, श्री जावेद खान, श्री किशोर धीवर, श्री अभिनव मिश्रा, श्री आशिष सिन्हा, श्री खुशाल यादव, श्री कृष्णा यादव आदि उपस्थित थें।



**जिला हॉकी संघ ने दी श्रद्धांजंलि**

वरिष्ठ हॉकी खिलाडी श्री गुरूचरण सिंह भाटिया एवं कु0अनिशा साहू (अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी) के पिता श्री स्व.अगनूराम साहू के आकस्मिक निधन पर उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन श्रद्धांजंलि अर्पित की गई।

nandgaon times june-14-2.qxd 6/13/2024 11:57 PM Page 2



# राजस्व अधिकारी जनसामान्य के हित में करें अच्छा कार्य - संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर

## संभागायुक्त ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की, पुराने प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाधान करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री सत्यनारायण राठौर ने कहा कि राजस्व अधिकारी जनसामान्य के हित में अच्छा कार्य करें और आम जनता के प्रति उनका व्यवहार अच्छा होना चाहिए तथा राजस्व के प्रकरणों का निराकरण समय पर हो। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्या को समझते हुए शीघ्रता से प्रकरणों का निराकरण करें, ताकि उन्हें भटकना नहीं पड़े। पुराने प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाधान करें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक पेशी नहीं बढ़ाएं, इससे आम जनता को परेशानी होती है। कोर्ट में बैठने से पेशी नहीं बढ़ेगी, इसके लिए कार्यालय में बैठने हेतु सोमवार एवं मंगलवार का दिन सुनिश्चित करते हुए राजस्व प्रकरणों का निराकरण करें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पेशी न बढ़े। उन्होंने कहा कि राजस्व के कार्य आम जनता के हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण कार्य हैं, अपनी इस जिम्मेदारी को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करें। पक्षकारों के साथ व्यवहार अच्छा होना चाहिए। इसके लिए सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के कार्यों की अच्छी तरह से मानिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की दिक्कत, प्रशिक्षण की जरूरत एवं मार्गदर्शन के लिए जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का निरीक्षण करने पर लापरवाही होने पर कार्रवाई की जाएगी। संभागायुक्त ने कहा कि सक्रियतापूर्वक एवं सजगतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि राजस्व अधिकारी संवेदनशीलतापूर्वक आम जनता के समस्याओं का समाधान करें। फिल्ड में कार्य करने पर जनसामान्य की समस्याओं की जानकारी मिलेगी तथा निराकरण करने पर विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दौरा करते रहें। राजस्व शिविर के माध्यम से राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी के कार्यों पर नियंत्रण रखें और निर्धारित दिनों में पटवारी को अपने मुख्यालय में उपस्थित होना चाहिए। अपने महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आम जनता को भटकना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व के प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। राजस्व, आपदा प्रबंधन, कानून एवं व्यवस्था, समन्वय जैसे कार्य सुचारू रूप से चलते रहे। कलेक्टर ने नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसे कार्यों को शीघ्र पूर्ण



करने कहा। कलेक्टर ने पांच वर्ष से लंबित ऐसे प्रकरणों जिसमें कारण नहीं बताया गया है, उसमें रीडर की एक वेतन वृद्धि रोकने तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी सतत संपर्क में रहे। जल संरक्षण एवं वजन त्यौहार, स्कूल का निरीक्षण, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण, अवैध शराब पर कार्रवाई जैसे कार्यों पर ध्यान दें। सजगता एवं सतर्कता के साथ अपने क्षेत्र से जुड़ी सूचनाओं से लैस रहें। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत कालोनी विकसित करने के लिए भूमि का चिन्हांकन करें। जल सुरक्षा मिशन अंतर्गत जल संरक्षण एवं पौधरोपण जैसे कार्यों में सहभागिता होनी चाहिए। बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए डॉक्टरों की जानकारी एवं अन्य सुरक्षात्मक तरीके अपनाएं। भू-अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा देने के पश्चात रिकार्ड प्राथमिकता से अपडेट करवाएं। अपने क्षेत्र में किसानों को धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित करें एवं अन्य गतिविधियों में शामिल हो। स्कूल, आश्रम, छात्रावास का निरीक्षण करते रहें तथा आवश्यक सुझाव देते रहें। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे हितग्राही जिन्हें वनाधिकार पट्टा प्रदान किया गया है, उन्हें शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समन्वित तरीके से कार्य करने की जरूरत है। वार्ड परिसीमन के लिए तैयारी करें तथा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायती निर्वाचन के लिए तैयारी करें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि ऐसे प्रकरण जिनका समाधान हो सकता है, उनका त्वरित निराकरण करें। जिन प्रकरणों का निराकरण नहीं हो सकता उसका कारण जरूर बताएं। उन्होंने कहा कि राजस्व के मामलों में किसी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारी गंभीरतापूर्वक इसके लिए कार्य करें। पुराने प्रकरणों को विशेष तौर पर ध्यान देते हुए निराकृत करें। एक साल के ऊपर के प्रकरण पर कार्य करें तथा उसके बाद अन्य प्रकरणों का तेजी से निराकरण करें। कलेक्टर ने मानवाधिकार आयोग, अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, महिला आयोग, लोक आयोग से प्राप्त लंबित प्रकरण की स्थिति, सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रकरण पत्र, व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र, सामुदायिक वनाधिकार पत्र, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र, अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि के कारण हुई फसल क्षति की जानकारी, नजूल भू-भाटक की राशि वसूली पत्रक, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन बटवारा, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति अंतर्गत भू-अर्जन प्रकरणों की जानकारी, भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान की स्थिति, उच्च न्यायालय के निर्देश के पालन हेतु शेष प्रकरण, ई-कोर्ट की जानकारी, डिजिटल हस्ताक्षर से हस्ताक्षरित खसरों की संख्या व प्रतिशत, भूइयां सॉफ्टवेयर में अभिलेख शुद्धता की जानकारी, अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, शासकीय विभागों के लिए शासकीय भूमि आबंटन हेतु लंबित आवेदन, आदिवासी भूमि बिक्री मंजूरी के प्रकरण, वृक्ष कटाई हेतु अनुमति, राजनांदगांव जिले के निर्णित प्रकरणों को अभिलेखागार में जमा किए गए प्रकरणों की जानकारी, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगांव श्री मोहन मरकाम, डिप्टी कलेक्टर श्री अमिय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

## नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय का नगर आगमन आज

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** केन्द्र में सरकार गठन के बाद भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद संतोष पाण्डेय का शुक्रवार 14 जून को पहली बार नगर आगमन हो रहा है। आमजनता का आभार जताने आ रहे श्री पाण्डेय के स्वागत की भाजपा तथा समस्त विंगों द्वारा व्यापक तौर पर तैयारी की गई है।



वे यहां नगर भ्रमण के साथ स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में एक सभा को भी संबोधित करेंगे। मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से दूसरी बार निर्वाचित सांसद श्री पाण्डेय का शुक्रवार को दोपहर 3 बजे चौकी मार्ग से आगमन होगा। सर्वप्रथम उनका कॉलेज रोड फौव्वारा चौक में भव्य और वृहद रूप से स्वागत किया जायेगा। पश्चात् वे नागरिकों का आभार जताने के लिए नगर भ्रमण करेंगे। इसके बाद सायं 5 बजे स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में आभार सभा का आयोजन किया गया है। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला महामंत्री राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, लोकसभा चुनाव के सहसंयोजक द्वय दिनेश गांधी व नीलू शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। मंडल भाजपा महामंत्री संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, मीडिया प्रभारी लोकेश यदु ने भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं सहित जिला, जनपद के सदस्य, सरपंच, पंच के अलावा समस्त जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## आबकारी विभाग की कार्रवाई

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, भण्डारण व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा टीपनगढ़ से धोबाटोला मार्ग में ग्राम सागर थाना गैंदाटोला श्री दिनेश कुमार पटेल के कब्जे से 45 नग पाव देशी दारू संत्री महाराष्ट्र कुल मात्रा 8.100 बल्क लीटर अवैध रूप से दो पहिया वाहन प्लेटिना क्रमांक सीजी 08 एयू 8286 पर परिवहन करते हुए जप्त किया गया। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं स्टाफ श्री निजाम शाह ठाकुर, श्री नागेश निषाद, श्री अनिल सिन्हा शामिल थे।

**शुभांक**

1-2-8

116-8 228-2

**भाग्यांक**

277-6 169-6

# इफको द्वारा नमो ड्रोन दीदियो के लिये नैनो उर्वरकों के छिड़काव पर आयोजित की गई कार्यशाला

## राजस्व मामलों के निराकरण में संवेदनशीलता का परिचय देवें, आम जनता का विश्वास, विभाग के प्रति बने, इस बात का विशेष ध्यान रखें

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के सभागार में गत दिनों इफ्को द्वारा एक दिवसीय नमो ड्रोन दीदियों एवं ड्रोन उद्यमियों के लिये नैनो उर्वरकों के छिड़काव पर कार्यशाला आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में भारी संख्या में नमो ड्रोन दीदियों एवं ड्रोन उद्यमियों द्वारा भाग* लिया गया एवं खरीफ फसल के लिए ड्रोन से छिड़काव हेतु कार्य योजना तैयार की गई।* इफ्को द्वारा आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शशिकांत द्विवेदी, इफ्को आमसभा प्रतिनिधि नई दिल्ली एवं संचालक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव ने सभी नमो ड्रोन दीदियों एवं ड्रोन उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती हमारी माता है,ज्यादा रासायनिक खाद के उपयोग से बंजर होती धरती माता की उर्वरा शक्ति तो कम हो ही रही है साथ में मिट्टी, हवा एवं पानी भी प्रदूषित हो रहा है। प्रदूषण बढ़ने से तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही एवं भूजल भी पीने योग्य नहीं रहा। इसलिये धरती मां के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने एवं किसानों के हित में दानेदार रासायनिक उर्वरकों का उपयोग धीरे धीरे बंद कर नैनो उर्वरकों का उपयोग करना सभी किसानों के लिए ज्यादा लाभकारी होगा। नैनो यूरिया , नैनो डीएपी एवं सागरिका के उपयोग से कृषि के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बनेगा एवं किसानों को लागत भी कम



लगेगी एवं पैदावार भी अधिक प्राप्त होगी। केंद्र व राज्य सरकार भी इन उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने हेतु प्रेरित कर रही हैं। श्री द्विवेदी ने केंद्र सरकार की लखपती दीदी योजना की जानकारी देते हुए बताया कि एक ड्रोन से प्रतिदिन 20 एकड़ एवं वर्षभर में 4000 एकड़ का छिड़काव कर 300 रूपए प्रति एकड़* किसानों से चार्ज करने पर प्रतिवर्ष 12 लाख रुपए तक आमदनी प्राप्त की जा सकती है। इस प्रकार ड्रोन दीदियों का लखपति दीदी बनने का सपना साकार हो सकेगा। कार्यशाला में राज्य विपणन प्रबंधक इफ्को ,आर.एस.तिवारी द्वारा नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग विधि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ में छिड़काव पद्धति,लाई चौपी विधि व रोपा विधि से ज्यादातर धान बुवाई की जाती है , इन तीनों विधियों में नैनो डीएपी से बीजोपचार के तरीके बताए गए। इसके बाद फसल के किस अवस्था में एवं कितनी मात्रा में नैनो उर्वरक का प्रयोग करना है एवं ड्रोन उड़ाने में क्या-क्या सावधानी रखना है इसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपमहा प्रबंधक (कृ.से.), डॉ एस.के. सिंह , द्वारा इफ्को के सभी उत्पाद जैसे जल घुलनशील उर्वरक, विशिष्ट उर्वरक , सागरिका , जैव- उर्वरक आदि के उपयोग व फायदों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में सागरिका एवं जल घुलनशील उर्वरक का ड्रोन से उपयोग भी बताया गया । इसके बाद इफ्को द्वारा ड्रोन उद्यमियों हेतु इफ्को सहकार उड़ान ऐप व किसानों को ड्रोन द्वारा छिड़काव बुकिंग करने हेतु इफ्को किसान उदय ऐप के बारे में जानकारी दी गई।

# व्यायाम शिक्षकों ने राजनांदगॉव को पुनः खेल जोन का दर्जा दिलवाने की मांग रखी

## पूर्व सांसद मधु ने खेल प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास हेतु सकारात्मक पहल का दिया आश्वासन

**राजनांदगॉव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के व्यायाम शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से उनके मोतीपुर स्थित निज निवास में मुलाकात की। व्यायाम शिक्षकों के इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से श्रीमती उषा चैटर्जी जिला खेल अधिकारी राजनांदगॉव, शैलेन्द्र तिवारी (शंकरपुर स्कूल), अनुराज श्रीवास्तव (सिंघोला स्कूल), भानुप्रताप सिंह (तिलई स्कूल), उमेश वैष्णव (बोरी स्कूल), संतोष देशमुख (धामनसरा स्कूल), विनीत रंजन (खैरझिटी स्कूल), अजय रामटेके ( शासकीय कन्या क्रिड़ा परिसर चौकी) एवं चन्द्रेश साहू (सुन्दरा स्कूल) उपस्थित रहे। इस प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद को अवगत कराया है कि सन् 2019 तक राजनांदगॉव को खेल जोन का दर्जा प्राप्त था, किन्तु प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस शासन में राजनांदगॉव खेल जोन को दुर्ग खेल जोन में संविलियन कर दिया गया था। इसके परिणामतः राजनांदगॉव जिले की खेल प्रतिभाओं को तभी से अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का पर्याप्त सुअवसर प्राप्त नहीं हो पा रहा है। जिले की खेल प्रतिभाओं के हित में इस समस्या के समाधान हेतु व्यायाम शिक्षकों ने भाजपा नेता मधुसूदन से इस विषय में शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण करते हुए उचित समाधान की मांग की है। उनके द्वारा राजनांदगॉव को पुनः खेल जोन के रूप में दर्जा दिलवाने और इस जोन अंतर्गत आसपास के चार जिला क्रमशः राजनांदगॉव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं बालोद जिला को शामिल कर खेल गतिविधियॉ संचालित किये जाने की मांग की है। पर्वू सांसद मधुसूदन ने व्यायाम शिक्षकों को आश्वस्त किया है कि क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास हेतु उनकी इस मांग को शासन प्रशासन तक पहुॅचाकर, यथाशीघ्र इस दिशा में सकारात्मक पहल की जायेगी।



## अपना घर होने का सपना हुआ साकार, रात में नींद नहीं होती बेकार

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत श्रीमती लक्ष्मी सोनी, ग्राम पंचायत विजयपुर विकासखंड मोहला को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पक्का आवास की सौगात मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत मिलने पर लक्ष्मी सोनी बताती हैं कि पहले जब कच्चे मकान में रहती थी तो बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। लेकिन जब से आवास बना है, जीवन आसान हुआ है। उन्होंने बताया कि कच्चे मकान होने के चलते सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती थी, चैन से रात में सो भी नहीं पाते थे। अब पक्का मकान बन जाने से रात में नींद खराब नहीं होती है। बिना किसी चिंता के सुविधा युक्त मकान में परिवार के साथ चैन की नींद सोते हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि हम जैसे गरीबों को अपना खुद का मकान बनाने में आर्थिक समस्या एक बड़ी बाधा थी। अब यह समस्या दूर हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास का सपना पूरा करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**मैनुवल पद्धति जोनल निविदा सूचना क्रमांक-01 (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक 1075/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2023-24 कबीरधाम, दिनांक 11.06.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नदर्शित विकासखंड अंतर्गत छोटे-छोटे रू. 10.00 लाख से कम लागत की विभिन्न निर्माण कार्यों का जोनल निविदा(10.00 लाख से कम) के निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 27.06.2023 तक आमंत्रित की जाती है।

| क्रं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 |
| 1 | जोनल निविदा वि.खं. कवर्धा भाग 1,2,3,4,5,6,7,8 | 20.00 |
| 2 | जोनल निविदा वि.खं. पंडरिया भाग 1,2,3,4,5,6,7,8 | 20.00 |
| 3 | जोनल निविदा वि.खं. स.लोहारा भाग 1,2,3,4,5,6,7 | 20.00 |
| 4 | जोनल निविदा वि.खं. बोड़ला भाग 1,2,3,4,5,6,7 | 20.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबपोर्टल http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 12.06.2024 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग- कवर्धा
जिला कबीरधाम

जी - 242500239/4


# घुमका में सर्वसुविधा युक्त पहला अंग्रेजी माध्यम स्कूल उद्घाटित

## पालक और साला प्रबंधन मिलकर चलेंगे तो आगे की कक्षाएं भी जल्द ही शुरू हो सकेंगे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गुरुदेव शिक्षा एवं सेवा समिति राजनंदगांव से संबंध राजनांदगांव पब्लिक स्कूल का उद्घाटन घुमका में विगत दिवस उद्घाटित हुई हैं। आसपास के गांव के प्रमुख ग्राम घुमका में सर्व सुविधा युक्त यह पहला अंग्रेजी माध्यम स्कूल है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल थी। जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के युवा नेता राजेश श्यामकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में घुमका सरपंच श्रीमती फूलमती वर्मा और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुमका के प्राचार्य प्रशांत बंजारे, सेक्रेटरी हैंरी जोसेफ विद्यालय के अध्यक्ष कौशल साहू आदि उपस्थित थे। इस विद्यालय में पहली से पांचवी तक की कक्षाएं वर्ष 2024 - 25 के सत्र आरंभ होगी जिसके लिए प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। विद्यालय में विद्यार्थियों को घर से लाने ले जाने बसों की भी सुविधा हैं। डिजिटल पढ़ाई विशाल खेल मैदान खेल सामग्रियां विभिन्न विषयों के शिक्षक आदि व्यवस्था इस विद्यालय में रखी गई है।

अंग्रेजी माध्यम विश्वविद्यालय के शुभारंभ



अवसर पर विधायक श्रीमती बघेल ने शाला परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के सर्व सुविधा युक्त स्कूल शहरों में होते हैं। ग्रामीण क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने निश्चित रूप से विद्यार्थियों और उनके पालकों के लिए सौभाग्य की बात है। विद्यालय प्रबंधन और पालक मिलजुल कर प्रयास करें तो इस विद्यालय में शिक्षा का स्तर ऊंचा और भी कक्षाएं संचालित की जा सकती है। इसी प्रकार श्री श्यामकर ने भी शिक्षकीय अमले विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मिलजुल कर इस विश्वविद्यालय के विकास में अपना-अपना योगदान दे देते रहे तो इस विद्यालय का नाम न सिर्फ घुमका क्षेत्र में अपितु जिले सहित प्रदेश में नाम रोशन हो सकता है। अपने जिला पंचायत क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल खुलने से वह बहुत खुश है क्योंकि इंग्लिश मीडियम बच्चों के लिएआज के समय में बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने स्कूल प्रबंधन को बधाई व शुभकामनाएं दी है। इस संबंध में विद्यालय का प्रबंध का कार्य संभाल रहे सेक्रेटरी हैंरी जोसेफ ने बताया कि क्षेत्र के पलकों और विद्यार्थियों में इस विद्यालय के खुल जाने से गजब का उत्साह देखा जा रहा है। उन्हें पक्का विश्वास हो गया है कि प्रारंभिक पढ़ाई प्राथमिक स्तर से उनके बच्चे अंग्रेजी में प्रवीण होंगे तो आगे चलकर उन्हें देश दुनिया के और भी ज्ञान अर्जन में कोई दिक्कत नहीं होगी। आज का समय अंग्रेजी की मांग और जरूरत का है। हर कोई अपने बच्चों को अंग्रेजी में प्रवीण होते देखना चाहते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष कौशल साहू ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सहयोग इस विश्वविद्यालय को सदा बना रहेगा तो विद्यालय विकास की नई ऊंचाइयों को जल्द ही स्पर्श कर सकता है। पालक और साला प्रबंधन मिलकर चलेंगे तो आगे की कक्षाएं भी जल्द ही शुरू हो सकेंगे। इस दौरान स्कूल के शिक्षक - शिक्षिकाएं, बच्चे, पालक सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) !! ईश्तहार!!**

र ा. प/. क्र . 202406092100041अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक पीताम्बर स्वामी पिता एम. अप्पल स्वामी जाति ब्राम्हण निवासी पटेल वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के द्वारा प्रियांशु व अन्य दो के नाम पर कुम्हार पारा डोंगरगढ़ स्थित भूमि शीट कमांक 02 भूखण्ड कमांक 1025 रकबा 2600 वर्गफीट को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 21/2/2022 को कय किया है, उक्त भूमि से विकता प्रियांशु व अन्य का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि से विक्रेता का नाम विलोपित कर आवेदक पीताम्बर स्वामी पिता एम. अप्पल स्वामी का नाम दर्ज किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 14/06/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 07/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग)


nandgaon times june-14-2.qxd 6/13/2024 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*क्रेडिट कार्डज्.. के नाम से जाने जाते हैं?*
*(क) हार्ड मनी (ख) ईजी मनी (ग) प्लास्टिक मनी*
*2) कौन-सा उद्योग फूटलूज उद्योग का एक उदाहरण है?*
*(क) तेलशोधक (ख) चीनी (ग) सॉफ्टवेयर (घ) एल्युमिनियम*
*3) भारतीय कृषि के क्षेत्र में च्अधिक उपज वाली किस्मों का कार्यक्रमज् कब शुरू किया गया था? (1966 / 1972)*
*4) भारत में चंदन की लकड़ी के सर्वाधिक वन कहाँ पाये जाते हैं?*
*5) फोटो को पहचानें?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

*(1) प्लास्टिक मनी (2) सॉफ्टवेयर (3) 1966 (4) नीलगिरी की पहाड़ियों में (5) वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में एक रेस्तरां था*

# जिला मुख्यालय खैरागढ़ में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाया गया



**खैरागढ़.** जिला मुख्यालय खैरागढ़ में जिला स्तरीय संत शिरोमणि सेन जी महराज की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नगर में भव्य शोभायात्रा के साथ निकाली गई। जिसमें समाज के सभी युवक- युवती, महिला एवं पुरुष शामिल हुये। स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति में विशेष पूजा अर्चना की गई व संस्कृति भवन से डीजे के भक्ती मय धुन पर कलश यात्रा निकाल नगर भ्रमण कर वापिस यथा स्थान पहुची शोभायात्रा। सेनजी महराज की पूजा अर्चना, दीप प्रज्ज्वलित कर सामाजिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नंदकुमार सेन अध्यक्ष,केश शिल्प कल्याण बोर्ड छग शासन, विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष ज़िप,पुनीत राम सेन प्रदेश अध्यक्ष सेन समाज, शिव कुमार सेन प्रदेश सचिव, खैरागढ़ विधायक प्रतिनिधि नीलांबर वर्मा देवशरण, सेन सांसद प्रतिनिधि, शेष नारायण सेन जिला अध्यक्ष, हँसराज भरतद्वाज जिला अध्यक्ष मानपुर मोहला, लक्ष्मीनारायन विधायक प्रतिनिधि वैशाली नगर, बुधराम चंदेश्वर, अतिथि के रूप में पहुंच जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने संत शिरोमणी सेन जी महाराज को नमन करते हुये कहा संत शिरोमणी सेन जी महाराज ने भक्ति के मार्ग पर चलकर भारतीय संस्कृति के अनुरूप जनमानस को शिक्षा और उपदेश के माध्यम से एक सूत्र में पिरोया। उन्होंने कहा कि सेन समाज खैरागढ़ ही नहीं देशभर में अपने कार्यों को महत्व देते हुऐ समाज सेवा के कार्य भी करता है। विधायक प्रतिनिधि नीलांबर वर्मा ने कहा सेन समाज से हमेशा लगाव रहा है समाज की जो भी मांग आयेगा उसे पुरा करने का आश्वासन देते हुए कहा सेन समाज हमेशा लोगों को एक दूसरे से जोड़ने का काम किया है। सेन जी महाराज ने संपूर्ण मानव जाति के प्रति सेवा भाव, दया, प्रेम और भक्ति की प्रेरणा दी है तथा वह प्रेम मार्ग द्वारा ही ईश्वर को प्राप्त करना चाहते थे. अतिथियों के उद्बोधन के बाद समाज के नवनिर्वाचित जिले के पदाधिकारी को शपथ दिलवाया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से नंदकुमार सेन अध्यक्ष,केश शिल्प कल्याण बोर्ड छग शासन, विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष ज़िप,पुनीत राम सेन प्रदेश अध्यक्ष सेन समाज, शिव कुमार सेन प्रदेश सचिव, खैरागढ़ विधायक प्रतिनिधि नीलांबर वर्मा देवशरण, सेन सांसद प्रतिनिधि, शेष नारायण सेन जिला अध्यक्ष, हँसराज भरतद्वाज जिला अध्यक्ष मानपुर मोहला, लक्ष्मीनारायन विधायक प्रतिनिधि वैशाली नगर, नरेन्द्र सेन जिला अध्यक्ष सेन समाज केसीजी, गोतम सेन सचिव, नरेन्द्र श्रीवास कार्यकारिणी सदस्य, देवा सेन, गिरधारी श्रीवास, मनोहर सेन,आमोद सेन, कामता प्रसाद सेन, बिसरू सेन संजू श्रीवास, युवराज सेन, हीरालाल सेन, कीर्तन सेन, सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय जन उपस्थित थे।

# कन्हारपुरी के ग्रामीण को जान से मारने की नियत से लगाया आग, कारण अज्ञात



**डोंगरगांव।** समीपस्थ ग्राम कन्हारपुरी (सांकरदाहरा) निवासी एक ग्रामीण 11 जून की अर्धरात्रि को आग से लगभग 80 प्रतिशत झुलस गया। आग कैसे लगी, किसने लगाई, यह अबूझ पहेली बनी हुई है। रात 3 बजे की घटना के बाद आनन फानन में ग्रामीण को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां से राजनांदगांव रिफर के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर किया गया, वहां पर उसका इलाज जारी है। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार कन्हारपुरी निवासी अशोक लेंझारे (52 वर्ष) 11 जून की रात्रि को अपनी पत्नि के साथ अपने घर में सो रहा था। तभी कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर घुस गया और कोई बिस्तर में सोये अशोक के ऊपर कोई ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। आग लगने की घटना के समय उनकी पत्नि लघुशंका के लिए बाहर गई थी, शायद उसी समय दरवाजा खुलने का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति अंदर घुस गया होगा। आग लगने की घटना के बाद जब अशोक चीखने लगा तो वह तुरंत अंदर पहुंची, तो उस पर भी अज्ञात व्यक्ति ने हमला कर दिया। इसके बाद दोनों चीखते चिल्लाते बाहर गली में आये, जिसके बाद गांव वाले उठे और डायल 112 को बुलाकर बुरी तरह जले अशोक को स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। स्थिति गंभीर होने पर यहां से राजनांदगांव रिफर किया गया। वहां पर भी प्रारंभिक उपचार के बाद उचित इलाज के लिए रायपुर रिफर गया। मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में बुरी तरह झुलसे अशोक का इलाज डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर में हो रहा है। जहां उनकी हालत गंभीर परन्तु खतरे से बाहर बताई गई है। इस मामले को लेकर गांव में दहशत का माहौल है। वहीं घायल अशोक अभी कुछ बताने की स्थिति में नहीं है, वहीं उनकी पत्नि भी घटना के संबंध में कुछ बता नहीं पा रही है।

## रोजगार कार्यालय में 18 एवं 19 जून को प्लेसमेंट कैम्प

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 18 एवं 19 जून 2024 को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई जिला दुर्ग द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड के 350, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 50, लेबर के 100 एवं शिक्षक के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो, रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## हल्बा समाज पतोरा का रचनात्मक कार्य दूसरों के लिए अनुकरणीय

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पतोरा के हल्बा समाज में ऐसा रचनात्मक कार्य शुरू किया है जो दूसरे समाज के लोगों के लिए अनुकरणीय हो सकता है। जिले सहित प्रदेश में ऐसे बहुत से सामाजिक लोग हैं जो सामाजिक भवन के लिए शासन से लाखों रुपए की प्रशासकीय सुकृति की चाहत रखते हैं आवेदन लगाते हैं और देर सबेर सुकृति मिल जाती है। जनप्रतिनिधि भी चाहते हैं कि उनके माध्यम से प्रशासकीय सुकृति मिले और उनका वोट बैंक बढ़े इसके उलट हल्बा समाज पतोरा ने जो कार्य शुरू किया है वह प्रशासनीय तो है ही दूसरे समाज के लोगों के लिए भी साथ ही राजनेताओं के लिए भी सोचने विचारने का विषय है। दरअसल पतोरा के हल्बा समाज आपस में राशि एकत्र करके पक्के भवन का निर्माण कार्य शुरू किया है। वह भी बिना किसी को ठेका दिए आपस में मिलकर श्रमदान करते हैं। और बढ़िया भवन बनकर तैयार हो रहा है। इस कार्य में प्रमुख रूप से अध्यक्ष चैन सिंग करायेत, उपाध्यक्ष - अर्जुन सिंग धलानिमा, सचिव - पुरुषोतम रावटे, सदस्यगण विजय देहारी, राधे लाल, करायेत, गोपाल सिंग कोसमा, मुन्सीराम मलिया, सोहन लेड़िया, डोमन रावटे, डेभाराम करायेत, डेनावत रावटे, हेमंत ठाकुर आदि लगे हुए है। उक्त जानकारी पुरुषोतम रावटे ने दी है।



# मुख्यमंत्री के निजी सचिव तुलसी कौशिक पहुचे युवा नेता जयदीप गुप्ता के निवास व्यापारी संघ व सामज के लोगो ने रखी अपनी मांग....



**दल्ली राजहरा (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्यमंत्री के मित्र व निजी सचिव तुलसी कौशिक का कल दल्ली राजहरा आगमन हुवा 7 युवा नेता जयदीप गुप्ता के निवास पहुचे तुसली कौशिक व साथ मे लालनिवेन्द्र सिंह टेकाम व सतीश अग्रवाल भी उपस्थिति थे 7 गुप्ता के निवास आगमन पर व्यापारी संघ व समाज के लोगो ने मुलाकात कर अपनी मांग रखा है 7 चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वाधीन जैन व आशीष लालवानी ने मांग रखी कि पूरे बालोद जिले में दल्ली राजहरा सबसे बड़ा नगर है इसलिए बालोद जिले के नाम बदल कर बालोद दल्ली राजहरा जिला रखा जाये।

वही राजहरा व्यापारी संघ द्वारा केंद्रीय विद्यालय अतिशीघ्र चालू किया जाये , 270 एकड़ भूमि का नि:शुल्क पट्टा या रियाती दर प्रदान किया जाये, लघु उद्योग 20 एकड़ जमीन आबंटित किया जाये , जमीन रजिस्ट्री को सरलीकरण व नि:शुल्क किया जाए, बाईपास सड़क का निर्माण अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाये , खनिज न्यास राशि का 50त्न दल्ली राजहरा में खर्च किया जाये, 100 बिस्तर अस्पताल जल्द चालू किया जाये, जिले के सबसे बड़े नगर दल्ली राजहरा का नाम बालोद जिला का नाम बदल कर बालोद दल्ली राजहरा जिला किया जाये आदि मांग को राजहरा व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने रखी है साथ ही साहू समाज के अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने निर्माण कार्य के लिए अनुदान मंगा है 7 तुलसी कौशिक व लालनिवेन्द्र सिंह टेकाम के आगमन में भाजपा नेता सुरेश जायसवाल, विशाल मोटवानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा स्वाधीन जैन,सोमेश साहू, मनोज दुबे, वरिष्ठ पत्रकार शेखर गुप्ता,अजयं अग्रवाल,राजेश पटेल, आशीष लालवानी, विजय भान सिंह, हितेश कुमार , आलोक जैन, संदीप गोगड़, महावीर चोपड़ा, अमित जायसवाल,निखिल शर्मा, अर्जुन, पुनीत, अभिजीत श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग: बाल विवाह रोकने न तो बारात के लिए भवन मिलेंगे और न ही छपेंगे निमंत्रण पत्र

**रायपुर।** प्रदेश में हर साल सैकड़ों बाल विवाह अक्षय तृतीया पर होते हैं। इन्हें रोकने के लिए अब कड़े उपाय किए जाने की तैयारी है। इसमें बाल विवाह में आने वाली बारात को ठहरने के लिए भवन न देना और उनके निमंत्रण कार्ड न छापना भी शामिल है। महिला एवं बाल विकास विभाग राज्य में ऐसे इलाकों की पहचान करेगा जहां बाल विवाह की परंपरा है या होने की संभावना रहती है। इन क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर, एसपी महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा, पंचायत, ट्राइबल विभागों के अधिकारी रणनीति बनाएंगे। बाल विवाह के प्रकरणों वाले जिलों में पंचायत और क्लस्टर-वार नोडल अफसर भी तैनात किए जाएंगे। टीमें भी बनाई जाएंगी। पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति की मदद ली जाएगी। सरपंच गांवों में इसकी मुनादी कराएंगे। वैवाहिक समारोह के लिए भवन मांगने पर वर-वधु का आयु प्रमाणपत्र मांगा जाएगा। यदि वर-वध नाबालिग हैं तो ठोस समझाईश व कार्यवाही की जा सकेगी। जिला प्रशासन की ओर से चेतावनी दी जाएगी कि नाबालिगों के शादी के कार्ड न छापें या बेचें। सरकारी कार्यक्रमों में बाल विवाह की रोकथाम व इसके नुकसान की जानकारी को भी शामिल किया जाएगा।



# किसान के खेत में अवैध रूप से उत्खनन करते पकड़ाया 3 हाईवा व 1 जेसीबी जब्त



**डोंगरगांव।** राजस्व विभाग की टीम ने बुद्धूभरदा में दबिश देकर किसान के खेत में अवैध रूप से मुरूम उत्खनन में लगे 1 जेसीबी एवं 3 हाइवा गाड़ियों की जब्ती की कार्रवाई की 7 ग्राम बुद्धूभरदा में बुधवार शाम को गौठान से लगे किसान दीपक साहू के खेतों से 1 माह से मुरूम की अवैध रूप से परिवहन हो रहा था 7 लेकिन खनिज विभाग की मिलीभगत से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई 7 एसडीएम मनोज कुमार मरकाम को ग्रामीणों की शिकायत मिलते ही मौके पहुंचकर जब्ती की त्वरित कार्रवाई की गई 7 मुरूम उतखनन कर्ता अंकित जैन ने किसान के खेत में समतली करण के नाम पर मुरूम उतखनन कर रहा था 7 राजस्व विभाग की प्रशासनिक टीम ने पहले भी बड़ी मात्रा में बुद्धूभरदा में डंप रेत की जब्ती की थी 7 डोंगरगांव क्षेत्र में अवैध रूप से रेत और मुरूम सहित ईट भट्ठों पर लगातार कार्रवाई जारी है 7 उक्त कार्रवाई से अर्जुनी सहित डोंगरगांव क्षेत्र में रेत और मुरूम खनन करने वाले में हड़कंप मचा हुआ है 7 जब्त वाहनों में हाईवा क्रमांक छ्त्र 23 - ष्ट - 0249 हाईवा क्रमांक छ्त्र 07 ष्टष्ट - 8088 एवं हाईवा क्रमांक छ्त्र 24 रू -5968 तथा 1 जेसीबी सामिल है 7 इस पूरे कार्रवाई के दौरान डोंगरगांव एसडीएम मनोज कुमार मरकाम राजस्व निरीक्षक रामजी साहू पटवारी रमेश साहू एएसआई मेश्राम उपस्थित थे 7

**एस डी एम ने की कार्यवाही**

**खनिज विभाग की अनदेखी लंबे समय से सक्रिय मुरूम एवं रेत माफिया**

डोंगरगांव क्षेत्र के कई ग्रामों में रेत एवं मुरूम खनन करने वाले माफिया लंबे समय से सक्रिय है 7 खनिज विभाग की अनदेखी एवं माफियाओं से सांठगांठ से पूरा अवैध कारोबार क्षेत्र में जमकर चल रहा है 7 क्षेत्र में शासकीय भूमि से मिट्टी मुरूम का धड़ल्ले से खनन किया गया है 7 किसानों के खेतों को समतलीकरण के नाम पर मुरूम उत्खनन कर परिवहन हो रहा है 7 इससे राजस्व विभाग एवं ग्राम पंचायत को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है



## धर्म समाचार....

# नहीं हो रहा जीवन की परेशानियों का समाधान, तो एक बार जरूर करें लाल किताब के ये उपाय




ज्योतिष शास्त्र में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली लाल किताब में कई उपाए बताए गए हैं। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति पैसों की समस्या या फिर किसी अन्य समस्या से परेशान है तो आपके लिए लाल किताब में सुझाए गए ये टोटके काम आ सकते हैं। इन उपायों को करने से व्यक्ति को धन से लेकर पितृदोष से भी छुटकारा मिल सकता है।

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के मौलिक सिद्धांतो पर आधारित लाल किताब में बताए गए उपाय आपके लिए मददगार साबित हो सकते हैं। ऐसे में यदि आपके जीवन में कोई-न-कोई समस्या बनी रहती है, तो इससे निजात पाने के लिए भी आप लाल किताब में बताए गए उपायों का सहारा ले सकते हैं। चलिए जानते हैं कुछ ऐसे ही उपाय।

**आर्थिक संकट होंगे दूर**

लाल किताब में बताए गए टोटके के अनुसार, रोजाना गाय, कौवे, पक्षियों, चीटियों, कुत्ते और मछलियों के लिए भोजन का प्रबंध करना चाहिए। इस उपाय को करने से धन की समस्या के साथ-साथ पितृदोष से भी मुक्ति मिल सकती है। वहीं अगर आप घर की उत्तर या उत्तर पूर्व दिशा में एक्वेरियम रखते हैं, तो इससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है।

**शनिवार को करें ये काम**

यदि कोई व्यक्ति शनि देव के दिन यानी शनिवार को जूते दान करता है, तो इससे उसके भाग्य में वृद्धि होती है। ऐसा करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं और जातक के कामकाज में आ रही बाधा दूर होती है। इसके साथ ही शनिवार के दिन काले कुत्ते को रोटी खिलाना भी लाभदायक माना जाता है।

**समस्याओं से मिलेगा छुटकारा**

यदि आपके जीवन में कोई-न-कोई समस्या बनी रहती है, तो इसके लिए लाल किताब में बताया गया ये उपाय कर सकते हैं। इसके लिए एक तांबे के लोटे में जल भरकर उसमें चंदन मिलाएं। अब रात को सोते समय इस लोटे को अपने सिरहाने पर रख ले। उसके बाद सुबह होते ही इस जल को तुलसी के पौधे में अर्पित कर दें। इस उपाय को लगातार करने से आपके जीवन की कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

## भगवान विष्णु को प्रिय माने जाते हैं ये भोग, एकादशी की पूजा में जरूर करें शामिल

निर्जला एकादशी के दिन सच्चे मन से व्रत और पूजा करने से विष्णु जी की कृपा प्राप्त होती है। कहा जाता है कि भगवान विष्णु को उनका प्रिय भोग लगाने से वे जल्दी प्रसन्न होते हैं। साथ ही ऐसे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।




निर्जला एकादशी का व्रत भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा का जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है। इस साल निर्जला एकादशी 18 जून 2024 को मनाई जाने वाली है। आइए, जानते हैं कि भगवान विष्णु को किन चीजों का भोग लगाना चाहिए। साथ ही निर्जला एकादशी की पूजा विधि क्या है। भगवान नारायण को पंजीरी का भोग भी बहुत पसंद होता है। निर्जला एकादशी के दिन यदि विष्णु जी को पंजीरी का भोग लगाया जाए, तो कई तरह के लाभ प्राप्त होते हैं। इतना ही नहीं, मां लक्ष्मी की भी कृपा प्राप्त होती है। भगवान कृष्ण को भी पंजीरी का भोग प्रिय माना जाता है।गुरुवार और निर्जला एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा में पीली मिठाई जरूर शामिल करें। मान्यता है कि पीली मिठाई का भोग लगाने से भगवान विष्णु प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा जातक पर बरसाते हैं। ऐसा करने से हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। साथ ही मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# चिन्हांकित ग्रामों में जल संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए विशेष कार्य करने की आवश्यकता - कलेक्टर

## पोट्ठ लईका के तहत गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करते हुए पौष्टिक भोजन देने तथा अन्य आवश्यक दवाईयां देने के दिए निर्देश

**गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य का लगातार करें मानिटरिंग**

**19 जून से दिव्यांगजनों के लिए शिविर, आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा**

**ईद के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया निर्देशित**

**देयकों एवं मासिक लेखे का प्रस्तुतिकरण जल्द ही होगा**



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में खनिज के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों को जागरूक करने पर सक्रियतापूर्वक कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि जिले में जल संरक्षण की दिशा में अच्छा कार्य किया जा रहा है। जल रक्षा मिशन अंतर्गत वाटर रिचार्ज करने के लिए विभिन्न जलीय संरचना का निर्माण किया जा रहा है। जिन ग्रामों में पेयजल की अधिक समस्या अधिक दिखाई दे रही है, ऐसे ग्रामों को चिन्हांकित करते हुए जल संरक्षण एवं पौधरोपण करने के लिए विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। 2 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसल अंतर्गत मक्का की डिमांड आयी है। वही किसान अरहर, कोदो, कुटकी, मुंगफल्ली लगाने की तैयारी भी कर रहे हैं। खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राजनांदगांव एवं डोंगरगांव विकासखंड जल की कमी के कारण क्रिटिकल जोन में है, इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी है कि जनजागरूकता के लिए कार्य करें तथा जल संरक्षण के लिए ग्रामों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित करें। उद्योगों द्वारा पौधरोपण एवं वाटर स्ट्रक्चर के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चारागाह अंतर्गत सभी विकासखंड में लगभग 63 स्थानों पर भूमि उपलब्ध है, जहां बेहतरीन पौधरोपण किया जा सकता है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को पौधरोपण के लिए भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बारिश के पहले गड्ढे खोदकर पौधरोपण की पूरी तैयारी रखें। कलेक्टर ने कहा कि 18 जून से स्कूल खुलने वाले हैं, गणवेश एवं पुस्तके आ गई है। स्कूलों में प्रवेशोत्सव की तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन होना चाहिए। न्यौता भोजन, बच्चों के साल भर की पढ़ाई का रोस्टर बनाएं। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पोट्ठ लईका के तहत गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करते हुए पौष्टिक भोजन देने तथा अन्य आवश्यक दवाईयां देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य की लगातार मानिटरिंग करते रहें। स्वास्थ्य जांच, हिमोग्लोबिन परीक्षण, सुपोषण चौपाल एवं अन्य कार्य जारी रहे। इस कार्य की वाट्सएप ग्रुप बनाकर प्रतिदिन बच्चों के स्वास्थ्य की मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। एजुकेशन हब की पूरी तैयारी रखें। एजुकेशन हब में कुछ कमरों को लाइब्रेरी के रूप में उपयोग सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत कालोनी के स्वरूप में आवास बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि का चिन्हांकन करें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकलसेल जांच, फाईलेरिया की रिपोर्ट, संस्थागत प्रसव, निक्षय मित्र अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि 19 जून से दिव्यांगजनों के लिए शिविर लगाया जा रहा है, इसके अंतर्गत प्रथम चरण में 8 तथा दूसरे चरण में 7 शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने इसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिन स्थानों में शिविर लगाए जाएंगे, वहां पर डॉक्टर समय पर पहुंच जाएं। शिविर में पंजीयन, प्रमाण पत्र वितरण एवं भोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रामलला दर्शन के लिए अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं से आवश्यक समन्वय करने कहा। ईद के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को आश्रम व छात्रावास का निरीक्षण करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि वित्त विभाग द्वारा 1 जुलाई 2024 से सभी प्रकार के देयकों, भुगतान एवं लेखे का प्रेषण इलेक्ट्रानिक पद्धति से किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देयकों एवं मासिक लेखे का प्रस्तुतिकरण जल्द ही पेपरलेस हो जाएगा। उन्होंने सांकरदाहरा को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने, डीएमएफ अंतर्गत जनहित के लिए प्रस्ताव पर चर्चा, डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों की सुविधा, चिरायु योजना, जैविक खेती, वनाधिकार पट्टा, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने पौधरोपण अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बारिश के पहले पौधरोपण की तैयारी के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। चिन्हांकित ग्रामों में जल संरक्षण एवं पौधरोपण के कार्य जारी हैं। लखपति दीदी योजनांतर्गत 60 हजार से अधिक राशि की आय वाली महिलाओं का चिन्हांकन किया जा रहा है और उन्हें ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान बरगा में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें पौष्टिक भोजन एवं दवाईयां देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम राजनांदगांव श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री श्रीकांत कोर्राम, एसडीएम डोंगरगांव श्री मोहन मरकाम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सांसद श्री पाण्डेय का भाजपा कार्यालय में भव्य स्वागत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी से सांसद निर्वाचित होने के पश्चात् आज दिल्ली से लौटने पर सांसद श्री संतोष



पाण्डेय का एयरपोर्ट पर अद्भूत स्वागत हुआ उसके बाद वे आभार यात्रा के लिये रवाना हुये। इस दौरान वे कुछ समय के लिये जिला भारतीय जनता पार्टी के जी.ई.रोड स्थित कार्यालय भी पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय व जोशीला स्वागत किया। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पाण्डेय ने अपनी जीत को कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। उन्होनें राजनांदगांव की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुये कहा कि राजनांदगांव शहर व ग्रामीण के लोगों ने उन्हे ऐतिहासिक लीड दी है, जो उन्हे जनता के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से त्रिगुण टॉक, योगेशदत्त मिश्रा, राजेन्द्र जैन, अरूण शुक्ला, बंटी भाटिया, मुकेश बघेल, राजेश गुप्ता अग्रहरि, दिनेश गुप्ता, गोलू सूर्यवंशी, प्रदीप आचार्य, नादान सेन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

## महतारी वंदन योजना की राशि से तीर्थ स्थल व पर्यटन स्थल घूमने में मिली मदद

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही जीवन की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कारगार साबित हो रहा है। श्रीमती अमिता बाई निषाद, ग्राम मेरेगांव, विकासखंड अम्बागढ़ चौकी को योजना का लाभ मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर किया है। उन्होंने महतारी वंदन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही हैं, इस योजना से। जिससे मैं अपनी दैनिक जरूरत को बिना किसी परेशानी के पूर्ति कर पा रही हूं। उन्होंने बताया कि तीन किस्त की राशि से तीर्थयात्रा (उज्जैन) दर्शन करने गई थी। इसके साथ ही भोपाल, सीहोर, पंचमढ़ी जैसे पर्यटन स्थल भी घूम कर आई है। उन्होंने कहा कि कभी सपने में नहीं सोची थी कि वे छत्तीसगढ़ से बाहर जा पायेगी। महतारी वंदन योजना की राशि से मिलने से वह तीर्थ स्थल व पर्यटन स्थल घूम सकी है।





# लखोली एवं कन्हारपुरी में सफाई निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता लोगों से रूबरू हो



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज के सफाई निरीक्षण में लखोली, दुर्गा चौक व सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में अधिकारियों के साथ पहुँच सफाई व्यवस्था देख लोगों से रूबरू हो पानी व सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। लखोली, दुर्गा चौक, सेठी नगर तथा कन्हारपुरी में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर आयुक्त श्री गुप्ता ने हाजरी रजिस्टर की जॉच की एवं अनुपस्थित कर्मचारी के संबंध में जानकारी लेकर वार्ड प्रभारी से सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी वर्षा ऋतु में मौसमी बीमारी न फैले उसके लिये नियमित रूप से साफ सफाई करे, सघन बस्ती में पानी जमाव की स्थिति न हो, नाली नालों की नियमित सफाई करे, लोगों को स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे। उन्होने तालाब सफाई निरीक्षण के दौरान तालाब के किनारे रखे कचरा हटवाने के निर्देश दिये, जिससे लोगों को नहाने आदि कार्य में सुविधा हो। कन्हारपुरी में मुस्लिम समाज सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण, दुर्गा चौक में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का जायजा लेकर सामाजिक लोगों के भावना के अनुरूप निर्माण कर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव से कहा कि अन्य जो भी कार्य है, उसे बारिश के पूर्व जल्द प्रांरभ कराये। सेठी नगर में पानी सप्लाई हेतु टंकी लगाने कार्य का निरीक्षण कर लोगों से पानी के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं ने जानकरी देते हुये कहा कि कम प्रेशर के कारण नल में ठीक से पानी नहीं आता लेकिन टंकी लग जाने से पानी की समस्या दूर हो गयी। उन्होंने लखोली, दुर्गा चौक एवं सेठी नगर में आंगनबाडी भवन का निरीक्षण कर



बच्चों को दी जाने वाली सुविधा तथा उनके प्रारंभिक शिक्षा के संबंध में आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका से जानकारी ली। उन्होंने दुर्गा चौक आंगनबाडी भवन में फ्लोरिंग करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा व सुश्री आयुषी सिंह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, ,प्र.पटवारी श्री मिलिंद रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# खनन माफिया के खिलाफ होगी कड़ी कार्यवाही

### ऑक्सीजन के भव्य विकास के लिए शीघ्र ही बनेगा कार्य योजना



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सन टू ह्यूमन के सदस्यों ने की माइनिंग विभाग की शिकायत प्रणाम । बार-बार शिकायतों के बाद भी माइनिंग विभाग द्वारा ऑक्सीजोन तट क्षेत्र में भूखनन तथा रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर रोक नहीं लगाए जाने से सन टू ह्यूमन के सदस्यों ने आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात कर कठोर कार्यवाही की मांग की । पूर्व सांसद ने सदस्यों से को आश्वस्त किया की ऑक्सीजोन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब हमारी है। हमारी सरकार नहीं रहने से ऑक्सीजोन की अपेक्षा की गई। अब इस पर ठोस निर्णय लेने का समय आ गया है, तथा शीघ्र ही इसका कायाकल्प किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑक्सीजोन को फिर से डॉक्टर रमन सिंह जी के परिकल्पना के अनुरूप सजाने संवारने की योजना बन रही है। जिसे शीघ्र ही अमली जामा पहनाया जाएगा। इस अवसर पर सन टू ह्यूमन के डॉ नरेंद्र नाहटा, कुशल साहू, राजेश शर्मा , सुनील साहू, पूरनलाल साहू सतानंद साहू, बालमुकुंद साहू, जवाहर सिन्हा, शिवनाथ तट क्षेत्रीय विकास समिति के डॉ. डीसी जैन हरजीत भाटिया अमलेंदु हजरा के साथ ग्राम पंचायत भंवरमरा के धर्मे उपस्थित रहे।

## घर में आता हैं जल, पेयजल की चिंता गई टल


**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** जल जीवन मिशन योजना के तहत वनाँचल के अंदरूनी इलाके में सोलर ड्यूल पंप लगाया गया है। जिसके तहत हर घर में नल के जरिये पानी पहुँचाया जा रहा है। जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर मोहला विकासखंड के ग्राम रामगढ़ (आवासपारा) में सोलर टंकी लगा है। जिसमें 90 से अधिक घरों में पानी सुबह-शाम पहुँचती है। श्रीमती मीरन बाई तुलावी बताती हैं कि पहले हम सुबह से अन्यों कामों को छोड़कर हैंडपंप से पानी लाने जाते थे। अब नल लगने से घर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। घर के नल में पानी आने से पेयजल की चिंता टल गई है, साथ ही समय भी बच जाता है। श्री अरुण कुमार जुरेशिया ने बताया कि शासन की यह महत्वपूर्ण योजना है, जिससे गरीबों के घर में पानी आ रहा है। अब घर बैठे पानी मिल जा रहा है। जिसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में कर रहे रहे हैं।



# माता और पिता के संयत तथा सुसंस्कृत रहने पर सन्तान का शील निधि तथा स्वस्थ होना है स्वाभाविक - पुरी शंकराचार्य

<u>अरविन्द तिवारी की रिपोर्ट</u>

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) ।** हिन्दूओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता पूज्यपाद पुरी शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज मातृशक्ति के शील और स्वास्थ्य रक्षा की आवश्यकता की चर्चा करते हुये संकेत करते हैं कि गर्भ धारण में समर्थ स्त्रियों का जीवन विशेष रूप से संयत तथा सुरक्षित रहे , यह आवश्यक है। कारण यह है कि सन्तान पर पिता की अपेक्षा गर्भधारण में समर्थ माता का अधिक प्रभाव सुनिश्चित है। माता भूमि तथा पिता बीज सदृश है। दोनों के संयत तथा सुसंस्कृत रहने पर सन्तान का शील निधि तथा स्वस्थ होना स्वाभाविक है। प्रजापति कश्यप के श्रोत्रिय तथा संयत होने पर भी पतिव्रता दिति का असमय में उन्हें स्पर्श करने के लिये विवश करने के कारण काल कोप के वशीभूत दिति गर्भ समुद्भूत हिरण्यकशिपु और हिरण्याक्ष का आतंकवादी होना सुनिश्चित था । हिरण्यकशिपु के आतंकी होने पर भी उसकी धर्मपत्नी पतिव्रता कयाधु के संयत होने के कारण भक्त शिरोमणि प्रह्लाद का प्रादुर्भाव हुआ। व्यासजी का दर्शन कर नेत्र मूँद लेने के कारण राजरानी ने नेत्र विहीन धृतराष्ट्र को उत्पन्न किया। व्यासजी का दर्शन कर पाण्डु वर्णा होने के कारण राजदारा ने पाण्डु संज्ञक पाण्डु रङ्ग के पुत्र को जन्म दिया। कुपित गान्धारी के द्वारा प्रताड़ित गर्भगत पिण्ड के निपात से दुष्ट दुर्योधन आदि की उत्पत्ति हुई। प्रलय पयोधि जल में काम विह्वला किन्तु रजस्वला वाराही रूप से उद्दीप्त भूदेवी का वराह रूप श्रीविष्णु ने स्पर्श किया। मलिन दशा में वाराही के उस स्पर्श के फलस्वरूप भूदेवी वाराही के गर्भ से काल क्रम से समुत्पन्न उनके सुवृत्त , कनक , घोर तथा नरक ( भौम ) नामक पुत्र उल्लास, विलास और उन्माद से त्रिभुवन ग्रास होने लगा। विहित काल , विहित देश (स्थान) , निहित आहार और विहित वेष तथा विहित पात्र के द्वारा विधिवत् संश्लेष कुल उद्दीपक वंश प्रवर्तक काम शोधक प्रशस्त सनातन प्रकल्प है। ध्यान रहे ; काम उद्दीपक सौन्दर्य प्रदर्शक अनवसर प्राप्त निरावरण रस रसाभास हो जाता है। अत: देवियों के शील तथा स्वास्थ्य की रक्षा के सनातन मनोवैज्ञानिक प्रकल्पों को संकीर्णता की संज्ञा देना अनभिज्ञता और अदूरदर्शिता की पराकाष्ठा है। दौड़ने , तैरने और वेद पाठ आदि करने से स्त्रियों के गर्भाशय में गर्भाधान की क्षमता विलुप्त हो जाती है। अनभिज्ञता वश , अनास्था वश , परिस्थिति वश , अनियन्त्रित काम वश वर्ण संकरता की प्राप्ति होने पर भी कर्म संकरता से सुदूरता के कारण आर्थिक अराजकता सनातन जगत् में सर्वथा असम्भव है। अभिप्राय यह है कि जन्म से सबकी जीविका सुनिश्चित होने के कारण सनातन जगत् की अर्थनीति सर्वथा सुदृढ़ रहती है। धार्मिक कृत्य आदि के सम्पादन में स्वदेशी सामग्री का समादर होने के कारण और विदेशों में स्वदेशी सामग्री के विक्रय के कारण देश की अर्थव्यवस्था सदा सन्तुलित रहती है। ध्यान रहे ; स्वदेश की सीमा निरन्तर संकुचित होने के कारण धर्मानुष्ठान में प्रयुक्त तथा विनियुक्त समस्त समग्रियों की स्वदेश में ही समुपलब्धि असम्भव है। ऐसी स्थिति में धार्मिक कृत्यों के निर्वाह में स्वदेशी सामग्रियों के ही उपयोग की गाथा भी अब विचित्र पहेली बन गई है।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com